मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-303
05/05/2023

# मुख्यमंत्री ने राज्य की काराओं में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर 23 एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना, 05 मई 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग में आयोजित कार्यक्रम स्थल से राज्य की काराओं में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर 23 एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्य की काराओं में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी जगह एंबुलेसं की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की कुल 59 काराओं में से 36 में ये सुविधा पहले से उपलब्ध है। शेष 23 काराओं यथा मंडल कारा छपरा, मंडल कारा मधेपुरा, मंडल कारा बांका, महिला मंडल कारा बक्सर, महिला मंडल कारा भागलपुर, उपकारा बाढ़ (पटना), उपकारा पटनासिटी (पटना), उपकारा दानापुर (पटना), उपकारा मसौढ़ी (पटना), उपकारा हिलसा (नालंदा), उपकारा विक्रमगंज (रोहतास), उपकारा बगहा (प0चंपारण), उपकारा दलसिंहसराय (समस्तीपुर), उपकारा रोसड़ा (समस्तीपुर), उपकारा बेनीपुर (दरभंगा), उपकारा झंझारपुर (मधुबनी), उपकारा बेनीपट्टी (मधुबनी), उपकारा वीरपुर (सुपौल), उपकारा उदाकिशुनगंज (मधेपुरा), उपकारा नवगछिया (भागलपुर), उपकारा दाऊदनगर (औरंगाबाद), उपकारा शेरघाटी (गया) एवं मुक्त कारागार बक्सर के लिए आज एंबुलेंस की रवानगी हरी झंडी दिखाकर की गई। बंदियों को बेहतर इलाज एवं आपातकालीन स्थिति में अस्पतालों में ले जाने के लिए यह एंबुलेंस काफी उपयोगी होगा। इन एंबुलेंसों में ऑक्सीजन सिलेंडर, ब्लड प्रेशर मशीन, पल्स ऑक्सी मीटर, स्ट्रैचर, इमरजेंसी मेडिसीन जैसे विभिन्न जीवन रक्षक चिकित्सीय उपकरणों की सुविधा होगी। साथ ही इसमें पारा मेडिकल स्टाफ भी उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवायें श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******